राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

प्रधान सम्पादक—पुरातत्त्वाचार्य जिनविजय मुनि

[सम्मान्य सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर]

ग्रन्थाङ्क ५२

राजस्थानी साहित्य - संग्रह

भाग २

[देवजी बगडावतांरी, प्रतापसिंघ म्होकमसिंघरी न वीरमदे सोनीगरारी वात]

प्रकाशक

राजस्थान राज्य-संस्थापित

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

RAJASTHAN ORIENTAL RESEARCH INSTITUTE JODHPUR

जोधपुर (राजस्थान)

राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला

राजस्थान राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यत अखिल भारतीय तथा विशेषत: राजस्थानदेशीय पुरातनकालीन
सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी आदि भाषानिबद्ध
विविध वाङ्मयप्रकाशिनी विशिष्ट ग्रन्थावलि

प्रधान सम्पादक

पुरातत्त्वाचार्य जिनविजय मुनि

[ऑनरेरि मेम्बर ऑफ जर्मन ओरिएन्टल सोसाइटी, जर्मनी]

सम्मान्य सदस्य

भाण्डारकर प्राच्यविद्या सशोधन मन्दिर, पूना; गुजरात साहित्य-सभा, अहमदाबाद; विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध-सस्थान, होशियारपुर; निवृत्त सम्मान्य नियामक-(आनरेरि डायरेक्टर), भारतीय विद्याभवन, बम्बई।

ग्रन्थाङ्क ५२

राजस्थानी साहित्य-संग्रह

भाग २

[देवजी बगडावतारी, प्रतापसिंघ म्होकमसिंघरी नै वीरमदे सोनीगरारी वात]

प्रकाशक

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

राजस्थानी साहित्य-संग्रह

भाग २

सम्पादन कर्त्ता

पुरुषोत्तमलाल मेनारिया, एम ए, साहित्यरत्न

राजस्थानी शोध सहायक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

प्रकाशनकर्ता

राजस्थान राज्याज्ञानुसार

सञ्चालक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान

जोधपुर (राजस्थान)

विक्रमाब्द २०१७ प्रथमावृत्ति १०००	भारतराष्ट्रीय शकाब्द १८८२	खिस्ताब्द १९६० मूल्य २.७५

मुद्रक—श्री हरिप्रसाद पारीक साधना प्रेस जोधपुर

RAJASTHAN PURATANA GRANTHAMALA

PUBLISHED BY THE GOVERNMENT OF RAJASTHAN

A series devoted to the Publicaion of Sanskrit, Prakrit, Apabhramsa, Old Rajasthani-Gujarati and Old Hindi works pertaining to India in general and Rajasthan in particular.

*

GENERAL EDITOR

ACHARYA JINA VIJAYA MUNI, PURATATTVACHARYA

Honorary Member of the German Oriental Society, Germany, Bhandarkar Oriental Research Institute, Poona, Visvesvrananda Vaidic Research Institute, Hosiyarpur, Punjab, Gujarat Sahitya Sabha, Ahemdabad, Retired Honorary Director, Bharatya Vidya Bhawan, Bombay; General Editor, Gujarat Puratattva Mandir Granthavali, Bharatiya Vidya Series, Singhi Jain Series etc. etc.

* *

NO. 52

RAJASTHANI SAHITYA SAMGRAHA

Pt. 2.

WITH

INTRODUCTION, NOTES, APPENDIXES, ETC.

* * *

Published

Under the Orders of the Government of Rajasthan

By

The Director, Rajasthana Prachy Vidya Pratisthana

(Rajasthan Oriental Research Institute)

JODHPUR (RAJASTHAN)

V S 2017] *[1960 A D*

RAJASTHANI SAHITYA SAMGRAHA

Pt 2

Edited

WITH INTRODUCTION NOTES APPENDIXES ETC

By

SHRI PURUSHOTTAM LAL MENARIA, M A Sahity Ratna

Rajasthani Research Asst

Rajasthan Oriental Research Institute,
Jodhpur

Published

Under the orders of the Government of Rajasthan

By

The Director Rajasthan Oriental Research Institute
Jodhpur (Rajasthan)

V S 2017] [1960 A D

विषय - तालिका

सञ्चालकीय वक्तव्य

—o—

राजस्थानमे और अन्यत्र ज्ञान-भण्डारोमे सैंकडो ही राजस्थानी कथाए प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थोमे लिखित प्राप्त होती हैं, जिनमे हमारी पुराकालीन रीति-नीति, आचार-व्यवहार एव मनोभावादिसे सम्बद्ध सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक, भाषावैज्ञानिक और साहित्यिक परम्पराओके सुस्पष्ट दर्शन होते है, अतएव इन कथाओका हमारे साहित्यमे विशेष महत्त्व है।

अनेक राजस्थानी कथाए सस्कृत और अपभ्रशादि कथाओके अनुवादोके रूपमे प्राप्त होती है तथा अनेक कथाए मौलिक कल्पना और ऐतिहासिक घटनाओ एव चरित्रो पर आधारित हैं। अनेक कथाओका उद्देश्य धर्म-प्रचार और शिक्षा है तो कई कथाए मनोरञ्जन मात्रके लिए लिखी गई है। शैलीकी दृष्टिसे भी राजस्थानी कथाओमे विभिन्नताओके दर्शन होते है, जिनका विशेष अध्ययन हमारे विद्वानोके लिये अपेक्षित है।

राजस्थानी कथा-साहित्यके विशेष महत्त्वको दृष्टिगत रखते हुये हमने प्रतिष्ठानकी प्रमुख प्रकाशन-श्रेणी राजस्थान पुरातन ग्रन्थमालामे राजस्थानी साहित्य-सग्रह भाग १के अन्तर्गत श्रीयुत प्रो नरोत्तमदास स्वामी एम ए द्वारा सम्पादित तीन वस्तुवर्णनात्मक राजस्थानी कथाओका प्रकाशन किया था।

"राजस्थानी साहित्य-सग्रह, भाग २"के अन्तर्गत तीन विशेष राजस्थानी कथाओ—१ देवजी बगडावतारी वात, २ प्रतापसिंह म्होकमसिंघरी वात और ३ वीरमदे सोनीगरारी वातका प्रकाशन किया जा रहा है जिनका सम्पादन हमारे शोध-सहायक श्री पुरुषोत्तमलाल मेनारिया एम ए, साहित्यरत्नने परिश्रमपूर्वक किया है। पाठ सम्पादनमे यथासाध्य वार्त्ताओकी प्राप्त विविध प्रतियोका उपयोग किया गया है तथा पाठान्तर्गत टिप्पणियोमें आवश्यक ऐतिहासिक और भाषावैज्ञानिक ज्ञातव्य प्रस्तुत किये गये हैं, जिनसे सम्पादकके सम्बद्ध विषयोके

विशेष अध्ययन और योग्यताका परिचय मिलता है। साथ ही सम्पादकने वार्त्ताओसे सम्बद्ध प्रतियो और विषयो पर परिशिष्ट एव भूमिकामे अध्ययन-पूर्वक विस्तारसे लिखा है जिससे पाठकोको अध्ययनमे विशेष सुविधा प्राप्त होगी।

प्रस्तुत पुस्तकके प्रकाशन-व्ययका अर्द्धांश केन्द्रीय भारत सरकारने प्रादेशिक भाषा-विकास-योजनाके अन्तर्गत प्रदान करना स्वीकार किया है तदर्थ हम आभार प्रदर्शित करते है।

आशा है कि राजस्थान पुरातन ग्रन्थमालाके हमारे प्रिय पाठकोको प्रस्तुत प्रकाशन रुचिकर प्रतीत होगा।

मुनि जिनविजय
सम्मान्य सञ्चालक
राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान,
जोधपुर

जयपुर,
ता० १२ अक्टूबर '६० ई

सम्पादकीय प्रस्तावना

साहित्य, संगीत, चित्र, मूर्ति और वास्तु कला आदिके माध्यमसे आत्माभिव्यक्ति करना मानव प्रकृतिकी एक प्रधान विशेषता रही है। साथ ही आप बीती कहना और पर-बीती सुनना भी मानव समाजकी नैसर्गिक प्रवृत्ति है, जिसके परिणामस्वरूप कथा साहित्यका उदय और विकास हुआ है।

पूर्व पुरुषों और अनुभवी व्यक्तियोंके ज्ञानका लाभ प्राप्त कर अपने अनुभव एवं ज्ञानका लाभ आने वाली पीढ़ियोंको प्रदान करते रहनेकी परंपरासे मानव संस्कृति सदा ही विकासोन्मुख रही है। इस प्रक्रियाके लिये कथाओंका विशेष उपयोग हुआ है, क्योंकि कथाओंके माध्यमसे कोई भी विचार सुगम एवं सुबोध रूपमें प्रस्तुत किया जा सकता है। हमारे समाजमें साहित्य, दर्शन, इतिहास, धर्मशास्त्र आदि अनेकानेक विषयोंका ज्ञान कथाओंके माध्यमसे करानेकी अति प्राचीन परम्परा है, जिसके परिणाम-स्वरूप सम्बद्ध विषयोंकी कथाएँ प्रचुर परिमाणमें उपलब्ध होती हैं।

प्राचीन भारतीय कथा-साहित्य

वैदिक कालसे ही भारतमें कथा साहित्य किसी न किसी रूपमें प्राप्त हो जाता है। साथ ही प्राचीन भारतीय कथाओंका प्रचार विदेशोंमें भी हुआ है। उदाहरणके लिए पञ्चतन्त्रका प्रथम विदेशी अनुवाद पहलवी अर्थात् प्राचीन ईरानी भाषामें ईरानके सम्राट नुशरोंके दरबारी हकीम बुजुए द्वारा सन ५३१ से ५७९ ई० के बीच किया गया था[1]। इसके पश्चात् पञ्चतंत्रके अनेक अनुवाद यूरोपीय और चीनी आदि भाषाओंमें हुए। पञ्चतन्त्र, हितोपदेश, कथासरित्सागर आदिका प्रभाव मध्य एशिया, युरोप अरब, और चीन आदि देशोंके कथा साहित्य पर भी दृष्टिगत होता है।

ऋग्वेदके स्तुतिपरक सूक्तोंमें "अपालाकी कथा" प्राप्त होती है। हमारे उपनिषदोंमें भी कई कथाएं निगुम्फित हैं। उदाहरणके लिये केनोपनिषद्‌में देवताओंकी शक्ति परीक्षा, कठोपनिषद्‌में नचिकेताका साहस और छान्दोग्य उपनिषद्‌में सत्यकाम एवं जानश्रुता बृहदारण्यकमें गार्गी और याज्ञवल्क्य तैत्तिरीयमें आरुणी तथा मुण्डकोपनिषद्‌में महाशल्य, शौनक और अङ्गिराकी कथाएं कही गई हैं

रामायण और महाभारतमें इतिहास धर्म और कल्पनाके आधार पर अनेक कथाओंका समन्वय हुआ है। रामायण और महाभारत सम्बन्धी कथाओं द्वारा कालान्तरमें कितने ही कमनीय काव्योंका प्रणयन हुआ है।

---

१ आ० एजर्टन द्वारा सम्पादित पञ्चतन्त्र रिकन्स्ट्रक्टेड और डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल का वक्तव्य (पञ्चतन्त्र, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली) पृष्ठ सं० ६।

जिसने सर्वप्रथम वीर बगड़ावत बन्धुओंके विषयमें कीर्ति-श्लोक लिखे जिनकी संख्या १५,००० बताई जाती है[1] ।

राजस्थानमें लोकमान्यतानुसार 'बगड़ावत' प्रति रात्रि तीन प्रहर गाया जाने पर ६ माहमें पूर्ण होता है। बगड़ावत काव्य वस्तुवर्णन, चरित्रचित्रण, इतिहास और काव्य-सौष्टवकी दृष्टिसे महत्त्वपूर्ण है किन्तु अब तक इसका संकलन, सम्पादन और प्रकाशन तो क्या किसी भी साहित्यिक-इतिहासमें उल्लेख तक नहीं हुआ है। अब तक पूर्णरूपेण लिपिबद्ध न होनेसे इसमें क्षेपकोंका होना भी स्वाभाविक है।

'देवजी बगड़ावतारी वात' के प्रारंभमें 'वीसलदे चहुवाण' के राज्य-कालमें बगड़ावतोंके मूल पुरुष "हरराम चहवाण" का उल्लेख है। वीसलदे चौहानको यदि अजमेरका विग्रहराज चतुर्थ मान लिया जावे तो उसका शासन-काल वि. सं. १२१० से वि. सं. १२२१ माना जाता है।[2] तदनुसार बगड़ावतका निर्माणकाल १३ वीं सदी विक्रमी ज्ञात होता है। मारवाड़ मर्दुमशुमारी रिपोर्ट सन् १८९१ ई०में भी देवजीका जन्म संवत् १३०० होनेका उल्लेख है।[3] देवजीके जन्मसे पूर्व अवश्य ही बगड़ावत बन्धुओंकी वीरता और वैभवका प्रचार हो गया होगा, जिनके विषयमें प्रसिद्ध है—

माया माणी बगड़ावतां, कै लाखे फूलाणी।
रही सही सो माणगी, हर गोविंद नाटाणी॥

अर्थात् माया (धन-ऐश्वर्य) का उपभोग बगड़ावतोंने किया। तदुपरान्त लाखा-फूलाणीने भी आनन्दोपभोग किया। तत्पश्चात् जो धन अवशेष रहा उसका आनन्द हरगोविन्द नाटाणीने प्राप्त किया।

लाखा फूलाणी कच्छके प्रसिद्ध वीर और ऐश्वर्यशाली व्यक्ति थे[4]। हरगोविन्द नाटाणी जयपुर महाराजा सवाई ईश्वरीसिंहके दीवान थे[5]। उक्त दूहेमें 'कै लाखे फूलाणीके स्थान पर 'जग सार जाणी' पाठ भी मिलता है[6]।

देवजी बगड़ावतका एक मन्दिर महाराणा सांगाने चित्तोड़में निर्मित करवाया था। कहते हैं कि उक्त महाराणाको देवजीका इष्ट था।[7] राजस्थानमें 'बगड़ावत' और 'देवना-

---

1 Preliminary Report on the Operation in search of Mss. of Bardic Chronicals, Asiatic Society, Calcutta, Page 10

२ अजमेर हिस्टॉरिकल एण्ड डिस्क्रिप्टिव (हरविलास शारदा) पृष्ठ १४८, १५३-१५४।

३ मारवाड़ मर्दुमशुमारी रिपोर्ट सन् १८९१ ई भाग ३, पृष्ठ ४६।

४ श्रीयुत् पं. गोपालनारायणजी बहुरा, एम ए. द्वारा सम्पादित और अनुवादित फार्बस कृत रासमाला" भाग प्रथम पूर्वार्द्ध पृष्ठ १०२—१०४।

५ जयपुर राज्यका इतिहास, लेखक पं. हनुमान शर्मा पृष्ठ १८१।

६ "राजस्थानके लोक देवता" पं झाबरमलजी शर्मा, मरुभारती, पिलानी वर्ष ३, अङ्क ३।

७ मारवाड़ मर्दुमशुमारी रिपोर्ट सन् १८९१ ई भाग ३, पृष्ठ ४६।

रावण' सम्बन्धी लोक-नाटकोंका अभिनय होता रहा है, जिनका प्रकाशन भी हो चुका है[1]। देवजी बगडावतकी पूजा राजस्थानमें कई स्थानों पर होती है किन्तु इनकी पूजाका मुख्य केन्द्र आसीन्द मेवाडमें है। बगडावतों द्वारा निर्मित एक सरोवर फतहनगर (उदयपुर) के समीप गांव गवारडीमें है और एक बावडी बीलाडाके समीप है।

पाबूजीरा पवाड़ा, निहालदे सुल्तान आदि राजस्थानी लोक काव्योंकी भांति 'बगड़ावत' का पूर्ण सङ्कलन, सम्पादन और प्रकाशन भी अब तक संभव नहीं हो सका है। वास्तवमें इन काव्योंका सौष्ठव और ऐतिहासिक महत्त्व प्रसिद्ध 'पृथ्वीराज रासो' से न्यून नहीं है। यह कवि चन्द रचित 'रासो' भी 'बगड़ावत' आदि राजस्थानी काव्योंकी भांति प्रारंभमें मौखिक ही प्रचलित रहा और इस तथ्यकी ओर ध्यान नहीं जानेसे विद्वानोंने पृथ्वीराज रासोका निर्माण-काल १८ वीं शताब्दि तक निश्चित करनेका प्रयत्न किया है[2]। पृथ्वीराज रासोका निर्माण कवि चन्दने पृथ्वीराज चौहानकी वीरतासे प्रभावित होकर पृथ्वीराजके मृत्युकाल सं० १२४९ विक्रमीके लगभग ही किया होगा। कई वर्ष मौखिक रहनेसे ही पृथ्वीराज रासोमें परिवर्तन और परिवर्द्धन हो गये जिससे उस पर अप्रामाणिकताके आक्षेप किये गये[3]। इस कथनके प्रमाणमें निम्नलिखित तथ्य संक्षेपमें विद्वानोंके विचारार्थ प्रस्तुत किये जाते हैं—

१ पृथ्वीराज रासोकी धारणोजमें लिखित प्रति संवत १६६४ वि० की उपलब्ध हो चुकी है जिससे इस कालसे पूर्व पृथ्वीराज रासोका निर्माण सर्वथा सिद्ध है। यह प्रति राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुरमें सुरक्षित है।

२ रासो अथवा "रास" शब्द ही मूलतः गेय काव्यका प्रतिबोधक है। राजस्थान मध्यभारत और गुजरातमें "रास" नामोंमें गेय काव्य लिखनेकी प्राचीन परंपरा है जिसके अन्तर्गत सकड़ों ही "रास" कृतियां उपलब्ध होती हैं।

३ पृथ्वीराज रासोके मौखिक रहनेसे ही इसके लघुतम, लघु, वृहत् और वृहत्तर रूप प्रचलित हो गये।

४ भारतीय ही नहीं कई विदेशी भाषाओंमें भी प्राचीन प्रारंभिक साहित्य मुख्यतः मौखिक वीर काव्यों (Ballads) के रूपमें प्रचलित रहा है।

५ मुनि श्री जिनविजयजी पुरातत्त्वाचार्यके "पुरातन प्रबन्ध संग्रह" में प्राप्त हुए पृथ्वीराज रासोके छन्दोंसे चन्द कविके प्रस्तुत काव्यकी प्राचीनता और लोकप्रियता सिद्ध होती है।

---

१ राजस्थानके लोक-नाट्य, श्रीयुत श्यामलालजी शर्मा एम ए, पृष्ठ ५३ और "राजस्थानके लोक नाटक" श्रीयुत अगरचन्दजी नाहटा लोक कला भारतीय लोक कला मंडल उदयपुर भाग १ अङ्क ३। श्री वंशीधर शर्मा किशनगढ़ने भी उक्त विषयमें दो ख्याल लिख कर प्रकाशित किये हैं।

२ श्रीयुत डॉ० मोतीलालजी मेनारिया, राजस्थानी भाषा और साहित्य पृष्ठ ९।

३ श्रीयुत डॉ० गौरीशङ्करजी हीराचन्दजी ओझा—पृथ्वीराज रासोका निर्माणकाल (कोषोत्सव स्मारक ग्रन्थ काशी नागरी प्रचारिणी सभा काशी)।

संग्रह-ग्रन्थमें अधिकाधिक वार्ताओंको लिखनेके मोहसे प्रस्तुत वार्तामें चरित्र-चित्रण, घटना-विवरण और पृष्ठ-भूमि-अङ्कनका विस्तार नहीं दिया गया है। सम्भवतः लेखकने इनकी आवश्यकता कहावतोंके व्यापक प्रभावके कारण भी नहीं समझी है।

प्रस्तुत वार्तामें कई भारतीय कथानक रूढ़ियों और अभिप्रायों (Motives) का समावेश भी कलात्मक रूपमें हुआ है। जैसे दृष्टि-सम्पर्कसे गर्भ-धारण, नृसिंहरूपी बालकका जन्म, बालक-बालिकाओं द्वारा खेल हीमें विवाह कर लेना, उबलते हुए तेलमें गिरना और पारस होना, अन्यायको आंच शेष नागके लगना, देवीका अवतार ग्रहण करना, कमलसे बालकका उत्पन्न होना, होनहार व्यक्ति पर सर्प द्वारा छाया करना, बालकको सिंहनी द्वारा दूध पिलाना, गायोंकी रक्षाके लिये युद्ध करना, आदि। उक्त प्रसङ्ग अनेक भारतीय कथाओंमें मिल जाते हैं। प्रस्तुत वार्तामें भी इन चमत्कारिक घटनाओंका कलात्मक रूपमें समावेश हुआ है।

प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ हरीसिंघोतरी वात

पुस्तकमें ग्रहीत दूसरी कथा 'प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ हरीसिंघोतरी वात' एक ऐतिहासिक वार्ता है, जिसका उपयोग स्व. डॉ. गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझाने भी राजपूतानाका इतिहास लिखनेमें किया है[1]। प्रस्तुत वार्ताकी हमें पांच प्रतियां उपलब्ध हुई हैं, जिनमेंसे दो प्रतियां (क और ख) राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुरके संग्रहालयसे, एक (ग प्रति) महाराजकुमार डॉ. रघुवीरसिंहजी एम. ए., डी. लिट्. एम. पी. के सौजन्यसे, श्री रघुवीर लायब्रेरी सीतामऊ द्वारा, एक (घ प्रति) श्रीयुत नारायणसिंहजी भाटी द्वारा राजस्थानी शोध-संस्थान, चोपासनीसे और एक प्रति (ङ) श्रीयुत गोपालनारायणजी बहुरा एम. ए. उपसञ्चालक रा. प्रा. वि. प्र. के सौजन्यसे श्री लाधूरामजी दूधोड़िया द्वारा प्राप्त हुई है।

प्रतियोंका परिचय

प्रति – क

राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुरकी प्रति, ग्रन्थ संख्या ७८७४। आकार ८.६×६ इञ्च। गुटका, पत्र संख्या ३०। प्रति पत्रमें पंक्ति संख्या १६, १७ और प्रत्येक पंक्तिमें अक्षर संख्या १४ से १७। लिपिकाल संवत् १८६५ चैत्र वदि १३। लिपिस्थान-जयपुर। वार्ताके अन्तमें कर्ताका नाम इस प्रकार लिखित है—

"ईती श्रीरावत म्होकमसीघ हरीसींघोतरी वात म्हाराजधिराज म्हाराज श्री बहादुर-सीघजी कृत संपूर्ण किसनगढ राजस्थान।"

प्रतिके अन्तमें बहादुरसिंहजीके विषयमें तीन कवित्त, एक गीत और मुहणोत शिवदास कृत "सूर-सती-संवाद" एवं महाराज नागरीदास कृत चोसर दोहा है। तीनों कवित्तों और गीतोंसे बहादुरसिंहजीके विषयमें महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। प्राप्त प्रतियोंमें यह विशेष विश्वसनीय है इसलिये मुख्य पाठ इसी प्रतिका ग्रहण किया गया है।

प्रति – ख.

राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुरकी प्रति, ग्रन्थ संख्या ६७१६। आकार ४.५×२.६ इञ्च। गुटका पत्र संख्या ७०। प्रति पत्रमें पंक्ति संख्या ७ और प्रत्येक पंक्तिमें

१. प्रतापगढ राज्यका इतिहास, वैदिक यन्त्रालय, अजमेर पृष्ठ १८५।

अक्षर संख्या १३ से १५। लिपिकाल अज्ञात है। प्रतिमें कर्ताके नाम आदिका उल्लेख नहीं है और पाठ भी अशुद्ध है।

प्रति–ग

श्री रघुवीर लायब्रेरी सीतामऊसे प्राप्त प्रतिलिपि। प्रतिलिपिके प्रारम्भमें निम्नलिखित उल्लेख हैं—

"श्री रघुवीर लायब्रेरी, सीतामऊके लिये प्रतापगढ़ राज्यमें प्राप्य प्रतिसे नकल करवाई गई।"

सम्भवतः स्व० डॉ० गौरीशङ्कर हीराचंद ओझाने भी "प्रतापगढ़ राज्यका इतिहास" लिखनेमें इसी प्रतिका उपयोग किया हो।[1] मूल प्रति २२ पत्रोंकी है जैसा कि प्रस्तुत प्रतिलिपिसे प्रकट होता है। प्रतिके प्रारम्भमें ही कर्ताका नाम इस प्रकार लिखित है—

"महाराज बाहदरसिंघजी किसनगढ़रा राजारी करी"

प्रतिमें लिपिकर्ता और लेखन-कालका उल्लेख इस प्रकार हैं—

"इति श्री वारता समपूरण लीषीत म ब्राह्मण ओदीच भगनेस दौलतराम श्री कल्याणरस्तु सुभ भवस्तु ॥ श्री श्री ॥ संवत १९८ असाढ सुद ३ त्रीतीया भोमवासर ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥

॥ गाथा ॥

काठलघर कमनीये नगर प्रताप दुगजह नपती ॥
उदयसिंह अभिधान ॥ भानुवंस भूपन कुल रान ॥ १ ॥
या वार्ता भषाया भगनीरामरा हातसूं लिषीणी ॥

प्रतिमें उक्त ज्ञातव्य महत्त्वपूर्ण होते हुए भी पाठ शुद्ध नहीं है।

प्रति–घ

यह राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी, जोधपुरसे प्रतिलिपि रूपमें प्राप्त हुई है। प्रतिलिपिके अन्तमें निम्नलिखित उल्लेख है—

"लिखितं महडू राजूराम जोधनगर मध्ये मयराजा श्री मानसिंहजी पाचनाथ ॥ श्री ॥ समत् १९०२रा चत्र सुद ११ सोमवासुरे ॥ श्रीरस्तु ॥ सुभ भवत ॥ कल्याण मस्तु ॥ वाच गुण तिणांस राजूरामरा श्री राम रांम बांचसी।

राजस्थान रिसर्च सोसाइटीके लिये भगवतीप्रसादसिंघ बीसेन। जोधपुर, कार्तिक सुद ३, बुधवार, संवत १९९२ वि ता ३० अक्टूबर, १९३५॥"

इस प्रतिलिपिकी मूल प्रति अप्राप्य है। प्रतिलिपिका मूलसे मिलान नहीं हुआ है और पाठ भी संदिग्ध है।

---

१ स्व० डॉ० गौ० ही० ओझाने उस बातका प्राप्त होनेका उल्लेख किया है। प्रतापगढ़ राज्य का इतिहास वल्लभ [illegible] प्रकाशन अजमेर पृष्ठ सं १८४।

प्रति–ङ

यह प्रति श्रीलाधूरामजी दूधोड़ियासे प्राप्त हुई है। प्रतिकी पुष्पिका इस प्रकार है–
"ईति श्री रावत मोहकमसिंघ हरीसिंघोतरी वात सपूर्ण। मिति असाढ वदि १२ सवत्त १८६७रा फतेग [ढ] मध्येः लिखितं वैष्णवं मगनीरामः"

वार्ता ६॥×७ इन्च आकारके १२ पत्रोंमें पूर्ण हुई है। प्रति पृष्ठ पंक्ति संख्या २६ और प्रति पंक्ति अक्षर सं० २५, २६ है। प्राप्त प्रतियोंमें यह प्राचीनतम है किन्तु इसके पत्र स० ५, ६ और ६ अप्राप्त हैं। प्रति जीर्ण और तेलसे भरी हुई भी है।

उक्त कारणोसे पूर्ण पाठ केवल क प्रतिका ही ग्रहण किया गया है और विशेष पाठान्तर अन्य प्रतियोंके दिए गए हैं।

पाठकी दृष्टिसे अ वर्गकी क और ख प्रतिया एक मातासे और आ वर्गकी ग घ ङ. प्रतिया अन्य माताकी पुत्रिया ज्ञात होती हैं। अर्थात् क ख. सगी बहिनें और ग घ. ङ सगी बहिनें हैं। अ और आ प्रतिया एक दूसरे वर्गकी मोसेरी बहिनें है।

वार्ता–लेखक बहादुरसिंहजी

राजस्थानके राज-परिवारोंमे अनेक व्यक्ति साहित्यकारोंके आश्रयदाता और साहित्यके प्रेमी ही नहीं स्वय साहित्यकार भी हो गये हैं, जिनका रचित साहित्य प्रचुर परिमाणमें उपलब्ध होता है। ऐसे ही प्रतिष्ठित परिवारोंमें राजस्थानके मध्य भागमें स्थित किशनगढका राज-परिवार भी है, जिसमे प्रसिद्ध सन्त और साहित्यकार नागरिदास अपर नाम सावत-सिंहका नाम विशेष उल्लेखनीय है। सांवतसिंहका जन्म स० १७५६ वि० और मृत्यु-समय स० १८१४ वि० है। इनकी छोटी-बडी ७७ रचनाओंका सग्रह प्रकाशित भी हो चुका है।

सांवतसिंह अपने पिता महाराजा राजसिंहजीके देहान्तके समय (सं० १८०५ वि०) दिल्लीमें थे। किशनगढ राज्यके उत्तराधिकारी होनेके नाते बादशाह अहमदशाहने नागरि-दासको किशनगढका शासक घोषित कर दिया। इसी समय किशनगढमे नागरिदासकी अनु-पस्थितिमे इनके लघु-भ्राता बहादुरसिंह राज्य-सिंहासन पर आरूढ हो गये और अपने बल एव कौशलसे लगभग ३३ वर्ष (सन् १७४९ ई० से १७८२) ई० तक राज्य किया।[1]

उक्त बहादुरसिंह, किशनगढ महाराजा ही प्रस्तुत वार्ताके रचयिता थे, जो किशनगढ राज्यके सस्थापक किशनसिंह राठोडकी ५वी पीढीमें राज्यके उत्तराधिकारी बने। नागरि-दासकी सहायताके लिए आगत विशाल बादशाही सेनाको भी वीरवर बहादुरसिंहने पराङ्मुख कर दिया, जिससे इनके रण-कौशलका परिचय मिलता है। बहादुरसिंह ९ वर्ष तक अपने सिंहासनकी सुरक्षाके लिए सफल सघर्ष करते रहे। इसी बीच नागरिदासने राज्य-प्राप्तिकी आशा छोड़ कर वृन्दावनवास और साहित्य-सेवा स्वीकार की। तदुपरान्त नागरिदासके पुत्र सरदारसिंहकी सहायताके लिए चढाई कर आई हुई सेनासे बहादुरसिंहने नीतिपूर्वक सधि कर सरदारसिंहको मरवाड, फतहगढ और रूपनगरके परगने दे दिये और राज्यमे शान्ति स्थापित की। उक्त घटनाओसे बहादुरसिंहके उदात्त चरित्र पर विशेष प्रकाश पड़ता है।

---

१ मारवाडका इतिहास, भाग २, प० विश्वेश्वरनाथ रेऊ, पृष्ठ स० ६८६।

प्रतापसिंहसे शेरबुलंदखाको शरण देनेका आग्रह किया। रावत प्रतापसिंहने महोकर्मसिंहके विशेष आग्रहसे औरङ्गजेबके कुपित होनेकी चिन्ता छोड कर शेर बुलंदखाको अपने आश्रममें रख लिया। इस घटनासे रावत प्रतापसिंह और महोकर्मसिंहको विशेष ख्याति मिली प्रतीत होती है जिसका उल्लेख स्व० डा० गौरीशङ्करजी हीराचदजी ओझाने भी अपने इतिहासमें किया है।[1]

कथाकारने अन्तमें पीपलोदा गांवके उपद्रवी डोडिया राजपूतोसे हुए प्रतापसिंह और महोकर्मसिंहके सघर्षका वर्णन किया है। डोडिया राजपूताने प्रतापसिंहके दरबारसे दक्षिणाके रूपमें धन प्राप्त कर लौटते हुए एक पण्डितको मार दिया। रावत प्रतापसिंहके समझाने पर भी डोडियोंने विपरीत उत्तर ही दिया कि उदयपुरके महाराणा और मुगलशासक भी हमारा कुछ नहीं बिगाड सकते–

'राणजी अर सूबो अ भी म्हासु टालो दे छ। थारी धरतीम म्हे चाहा सो करां छा पण म्हांरो नाम न लै छे। रावतजीनु आवणो ■ तो बेगा कीज असवारी। भली भात मनवार करस्या'।

डोडियोंसे हुए सघर्षके प्रसगमें कथाकारने अपनी युद्ध-सम्बन्धी जानकारीका विस्तृत परिचय दिया है। प्रस्तुत प्रसगमें कथाकारके कविहृदयका परिचय भी भली भांति प्राप्त होता है। वार्तामें वीररसका परिपाक करने हेतु कथाकार वीररसमें उमङ्गित होकर अनेक गीत, दूहा और कवित्त लिख देता है।

उक्त युद्ध प्रसगमें उत्तर मुगलकालीन युद्धोंकी प्रणाली और पतनोन्मुखी स्थितिका भी वास्तविक परिचय प्राप्त होता है। तब युद्धक्षेत्रमें सेनाके साथ दास-दासियो और तवायफोंकी सख्या सैनिकोंसे भी अधिक होती थी। इस विषयमें वार्ताकारने लिखा है—

'एक हाथसू गळबांही घाल्या एक हाथसू ही गोळी बाहे छ। × × × बदुकां अर प्याला एकण साथ भर रह्या छ।'

अन्तमें कथाकारने महोकर्मसिंहकी युद्ध-क्षेत्रमें प्रकट हुई विशेष वीरता और विजयका सजीव चित्रण किया है।

वीरमदे सोनीगरारी वात

तीसरी कथा 'वीरमदे सोनीगरारी वात' अर्द्ध ऐतिहासिक है। मुसलमान इतिहासकारोंने अल्लाउद्दीन खिलजीकी जालोर विजयका सक्षिप्त उल्लेख मात्र किया है।[2] वास्तवमें जालोरका साका राजस्थान ही नहीं, समस्त पश्चिमोत्तरी भारतकी एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक

---

१ प्रतापगढ़ राज्यका इतिहास (वैदिक यत्रालय, अजमेर) पृष्ठ स० १८५।

२ समकालीन मुख्य इतिहासकार जियाउद्दीन बर्नीने जालोर विजयका उल्लेख इन शब्दोंमें किया है—'रणथम्भोर, चित्तोड मण्डलगढ, धार, उज्जैन मांडूवर, अलाईपुर, चन्देरी एरिज, सिवाना तथा जालोर जिनकी गणना सुव्यवस्थित प्रदेशोंमें न होती थी वालियों तथा मुक्तों के सिपुर्द हो गए (तारीखे फीरोजशाही, पृष्ठ ८६ खलजीकालीन भारत स० अतहर अब्बास रिजवी द्वारा सम्पादित)। वालीसे तात्पर्य प्रांतीय अधिकारीसे और

घटना है। इस युद्धके अवसर पर हजारों ही वीराङ्गनाओंको जौहर व्रतका पालन करते हुए अग्निप्रवेश करना पड़ा था और कान्हड़दे, वीरमदे, राणकदे जैसे अगणित वीरोंको मातृभूमिकी रक्षाके लिये आत्मोत्सर्ग करना पड़ा था। इस युगके विषयमें परम आदरणीय श्रीमान् मुनि जिनविजयजी, पुरातत्त्वाचार्यने, अपना मन्तव्य प्रकट करते हुए लिखा है–

'वह समय भारतके लिए बड़ा भयङ्कर प्रलयकाल सा था। भारतकी प्राचीन संस्कृति और समृद्धिका सर्वनाश करने वाला वह असाधारण विकराल काल था। उस कालदंत्यके कोपानलसे शताब्दियोंसे सञ्चित और सर्जित भारतकी उस संसार-मोहिनी संस्कृति, समृद्धि, सार्वभौमता और सुरक्षितताका बहुत बड़ा भाग, कुछ ही क्षणोंमें भस्मीभूत-सा हो गया। पूर्व-देशका पाल-साम्राज्य, मध्यदेशका गाहडवाल साम्राज्य, दिल्ली-लाहोरका तोमर-राज्य, अज-मेर-सपादलक्षका चाहमान राज्य, अणहिलपुरका चालुक्य महाराज्य, अवंती-मालवका प्रमार साम्राज्य, एवं दक्षिण-देवगिरिका यादव राज्य – इस प्रकार भारतके पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण जैसे चारों खण्डोंमें, कई शताब्दियोंसे अपनी बलवान सत्ता जमाये हुये बड़े बड़े राज्य और उनके शासक राजवंश इस दुष्ट दावानलकी दुर्दैवी ज्वालाओंसे कुछ ही दिनोंके अन्दर देखते देखते दग्ध हो गये। अपार समृद्धिसे भरे हुए उनके असंख्य रत्नभाण्डार घड़ियोंमें लुट गये।[1]

अलाउद्दीनने अपनी दूषित मनोवृत्तिसे प्रभावित होकर भारतमें अनेक युद्ध किये, जिनमें हुए रक्तपात, लूट और अत्याचार वर्णनातीत हैं। ऐसे भीषण संघर्षोंके अवसर पर भी राजस्थानमें चित्तोड़, रणथंभोर, सिवाना और जालोरके शूरवीरों तथा वीराङ्गनाओंने अनुपम आत्मोत्सर्ग कर अपनी मानमर्यादा एवं गौरवाभिमानकी रक्षा की थी। चित्तोड़, रण-थंभोर और सिवाना युद्धोंके विषयमें तो मुस्लिम इतिहासकारों और इनके अनुयायी अन्य यूरोपीय एवं भारतीय इतिहासकारोंने यत्किञ्चित् प्रकाश डाला है किन्तु जालोरयुद्धके विषयमें 'कान्हडदे प्रबन्ध' के अतिरिक्त इस पुस्तकमें प्रकाशित 'वीरमदे सोनीगरारी वात', मुंहता नैणसीरी ख्यात, भाग १ (पृष्ठ सं० २१२ से २२६), बांकीदासरी ख्यात (पृष्ठ सं०

मुख्तारका अर्थ जागीरदार है। यह याहिन अहमद सरहिन्दी नामक एक अन्य इतिहासकारने भी अलाउद्दीनकी सेना द्वारा जालोर विजयका उल्लेख इन शब्दोंमें किया है—'उसी वर्ष [७०० हि०, १३००–१३०१ ई०] कमालुद्दीन गुर्गने [अलाउद्दीनका एक सेनापति] जालोर पर अधिकार जमा लिया और विद्रोही कस्तमरदेवको [कान्हडदेसे तात्पर्य है] नरक भेज दिया। [तारीखे मुबारकशाही, खल्जीकालीन भारत ले० अतहर अब्बास रिजवी, पृष्ठ २०४)। हमारे अन्य भारतीय और पश्चिमी इतिहासकारों ने भी भारतीय भाषाओंसे और मुख्यत. राजस्थानी भाषामें प्राप्त ऐतिहासिक सामग्रीकी उपेक्षा करते हुए उक्त विषयमें विशेष विवरण नहीं दिया है।

१. कान्हडदे प्रबन्धका (राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर द्वारा प्रकाशित) प्रास्ताविक वक्तव्य, पृष्ठ ५६।

१५० - १५१) जैसे राजस्थानी इतिहास ग्रंथोंमें वर्णित प्रसंगोंकी ओर अभी तक इतिहासकारोंका ध्यान नहीं आकर्षित हुआ है।[1]

उक्त संघर्षोंमें प्रकट किये गये राजस्थानी वीराङ्गनाओंके बलिदानसे प्रभावित होकर अनेक समय कवियोंने काव्य ग्रन्थोंके रूपमें अपने उदगार व्यक्त किये और अनेक गद्य लेखकोंने वार्ताओंकी रचना की। इनमेंसे प्रमुख उल्लेखनीय प्राचीन कृतियां इस प्रकार हैं —

विषय	रचना
चित्तौड़ युद्ध —	१ मुहम्मद जायसीकृत पदमावत (र का १५९७ वि० स०)
	२ हेमरतनकृत गोरा बादल पदमिणी चऊपई (र का १६४६ वि०)[2]
	३ लब्धोदयकृत पद्मिनीचरित (र का १७०२ वि० स०)
	४ जटमलकृत-गोराबादल वार्ता (ले का १८२८ वि० स०)[3]
	५ भाग्यविजयकृत गोराबादल चोपाई (ले का १८०३ वि० स०)
	६ अज्ञात कर्तृक—गोराबादळ कथा।
रणथंभोर युद्ध —	१ नयचन्द्रसूरिकृत—हमीर महाकाव्यम (ले का १५४२ वि० सं०)
	२ जोधराजकृत—हमीर रासो अपर नाम हमीरायण (र का १७८५ वि० स०)
	३ ग्वालकविकृत—हमीर हठ
	४ चन्द्रशेखरकृत— हमीर हठ

---

१ बांकीदासरी ख्यात (सम्पादक श्रीयुत नरोत्तमदासजी स्वामी) और मुहता नणसीरी ख्यात भाग १ (सम्पादक श्रीयुत बद्रीप्रसादजी साकरिया) नामक ग्रंथोंका प्रकाशन राजस्थान पुरातन ग्रन्थमाला'के अन्तर्गत राजस्थान प्राच्यविद्याप्रतिष्ठान जोधपुर द्वारा श्रीमान मुनि जिनविजयजी, पुरातत्वाचार्यके प्रधान सम्पादकत्वमें किया जा चुका है।

२ श्री रत्नमाणिक्य प्रधान संपादक राजा बलदेवदास बिड़ला ग्रंथमाला', नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसीने इस कृतिका रचनाकाल अनुमानतः सं० १७६० दिया है (बिड़ला ग्रंथमालामें प्रकाशित छिताई वार्ता, परिचय पृष्ठ २०)। वास्तवमें इसकी रचना महाराणा प्रतापके सौतेले भाई शक्तिसिंहके लघु भ्राता ताराचन्द्र कावड़ियाकी आज्ञासे सादड़ी नामक स्थानमें वि० स० १६४६ में हुई थी। सं० १७६० प्रतिका लेखन काल हो सकता है। यह कृति राजस्थान पुरातन ग्रंथमाला में प्रकाश्यमान है। बिड़ला ग्रंथमालामें प्रकाशित उक्त वार्ताको देखनेसे प्रकट होता है कि कान्हडदेप्रबन्ध और हम्मीर महाकाव्यम जैसे इस विषयके प्रसिद्ध ग्रंथोंकी जानकारी भी उक्त ग्रंथमालाके सम्पादकको नहीं है।

३ 'जटमलकृत गोरा बादळ वार्ता' को श्रीरामचन्द्र शुक्लने अनुमानतः वि स० १६८० का माना है। हिन्दी साहित्यका इतिहास पृष्ठ सं ४२३ नागरी प्रचारिणी सभा काशी, नवां संस्करण।

जालोर युद्ध – १ कवि पद्मनाभकृत–कान्हडदे प्रबन्ध (र का १५१२ वि० सं०)
२ अज्ञातकर्तृक—वीरमदे सोनीगरारी वात
(लि का वि० स० १७६१)

सिवाना युद्धके विषयमें अब तक कोई रचना प्रकाशमें नहीं आई है। अल्लाउद्दीनके उक्त युद्धोंके विषयमें राजस्थानी भाषामें अनेक वीर गीत, कवित्त, दूहादि भी प्रचुर मात्रामें प्राप्त होते हैं, जिनमेंसे अधिकाश अप्रकाशित हैं।

'वीरमदे सोनीगरारी वात' के हमें ४ पाठ उपलब्ध हुए हैं। इनका परिचय निम्न-लिखित है—

प्रति–क

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुरके हस्तलिखित ग्रन्थसग्रहमें गुटका क्रमाङ्क ३५५५में पत्र सं० १६२से १६८ तक लिखित। लेखनकाल वि० सं० १८२६। आकार ११×६ ५ इन्च। प्रतिपृष्ठ पंक्ति सख्या ३२। प्रति पक्ति अक्षर सख्या २८–२६। यह पाठ प्राचीन कृतियोंके साथ शुद्ध रूपमें लिखित है अत. इसको आदर्श मानते हुए पूर्ण रूपमें लिया गया है।

प्रति–ख

राजस्थान प्राच्यविद्याप्रतिष्ठान. जोधपुरके हस्तलिखितग्रन्थसंग्रहमें गुटका क्रमांक १२७०६ में १३ पत्रोंमें लिखित। आकार ६×५ ४ इन्च। प्रति पृष्ठ पंक्ति सख्या १६। प्रति पक्ति अक्षर सख्या ३६–४०। इस गुटकेमें दो कृतियोंके अन्तमें लेखनकाल वि० स० १७६१ दिया हुआ है अत लिपि भिन्नता होते हुए भी 'वीरमदे सोनीगरारी वात' का लेखनकाल भी यही ज्ञात होता है। इसके विशेष पाठान्तर टिप्पणियोंमें दिये गये हैं।

प्रति–ग

राजस्थानी ग्रन्थमाला, पिलानीके, प्रथम ग्रन्थ स्व० श्रीसूर्यकरणजी पारीक द्वारा सम्पादित 'राजस्थानी वाता' में, सन् १६३४ ई० में प्रकाशित चतुर्थ वार्ता। यह पुस्तक अब अप्राप्य है। वार्तामें प्रतिलिपिकर्ताकी भूलसे कुछ अश छूट गये हैं। साथ ही वार्ता सम्बन्धी विशेष विवरण भी नहीं दिया गया है। यह पाठ किस हस्तलिखित प्रतिसे ग्रहण किया गया है, यह भी नहीं लिखा गया है। इसके विशेष पाठान्तर भी टिप्पणियोंमें ग्रहण किये गये हैं।

प्रति–घ

राजस्थानी शोध-संस्थान, चोपासनी, जोधपुरके हस्तलिखित ग्रन्थ-सग्रहमें क्रमाङ्क १२५ पर लिखित गुटका। आकार ६×५ इन्च। प्रतिपृष्ठ पक्ति सख्या १४। प्रतिपक्ति अक्षर सख्या १८–२०। लेखनकाल 'सवत १८३६ वर्षे फागुण वदि ११ बुधवासरे श्रीगुंदवच नगर मध्ये।' यह प्रति हमें श्रीयुत नारायणसिंहजी भाटीके सौजन्यसे प्राप्त हुई है। प्रयत्न करने पर भी यह प्रति हमें सम्पादनके समय नहीं मिल सकी अतएव इसका विशेष उपयोग नहीं किया जा सका।

प्रस्तुत वार्ता एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक घटना पर आधारित है किन्तु इसके विकास क्रममें कल्पना एवं कथानक रूढ़ियोंका भी प्रचुर प्रयोग किया गया है। कथाके प्रारंभमें ही एक प्रस्तर पुत्तलिकाके अप्सरा रूप प्राप्त करने पर पाठक चमत्कृत हो जाते हैं। तदुपरान्त कान्हड़देके अप्सरासे विवाह और कुमार वीरमदे उत्पन्न होने, अप्सराके पुनः अन्तर्ध्यान होने, जसलमेरके भाटी रावल लाखणसीजी द्वारा सूचित होने पर कान्हड़देके विषपानसे बचने, कान्हड़दे द्वारा अपनी कुमारीका रावल लाखणसीजीसे विवाह करने आदि घटनाओंका वर्णन हुआ है।

रावल लाखणसीजी अपनी प्रथम रानी सोढ़ीके महलमें आ कर विवाहके समय सोनीगरोंको अपने अनुचित व्यवहारसे रुष्ट कर देते हैं। सोनीगरी राजकुमारी भी 'हुयोंको तो सोनीगरोंरो सपरो पीण सोढ़ीरो होड न कर।" सुन कर लाखणसीजीसे रुष्ट हो जाती है और श्वसुरालय जाते समय परम वीर नींबा सिवाल्योत द्वारा हरण कर ली जाती है। आगे लाखणसीजी द्वारा नोहाराको आज्ञा दी जाती है –

'ऐसो भालो घणो तिणसुं एक वठा सिवलात मारा।'

कहने मात्रके लिए भाला तयार होता है किन्तु एक आशङ्का रहती है कि रावलजी वृद्ध हैं और नींबा युवक है। यदि कई मील दूरीसे मार जाने वाले भालेको नींबा छीन कर पुनः वार कर देगा तो क्या उपाय होगा? पुनः लोहाराका पारिश्रमिक दिया जाता है और जो भाला बना ही नहीं है उसको बुझाये जानेकी आज्ञा दी जाती है। इस प्रकार—

रावलजी सोनिगरी गमाय वठा।

कथामें प्राप्त उक्त हास्य प्रसङ्गसे पाठकोंका अनायास ही मनोरञ्जन हो जाता है।

आगे बीजड़िया सेवक जिसका पिता राजड़िया नींबाजी द्वारा सोनीगरी-हरणके अवसर पर हुए संघर्षमें मारा जाता है नींबाजी पर प्राणान्तक प्रहार करता है और नींबाजी भी मरते मरते वीरतापूर्वक बीजड़ियाको मार गिराते हैं।

पाप डाव सिखान वाला पजू पायक वीरमदेका विश्वासपात्र सेवक था और इसके द्वारा ही नींबाजी कान्हड़देके यहां उनकी दूसरी राजकुमारीके विवाहमें सम्मिलित हुए थे जहां उनको विश्वासघात कर मार दिया गया था। इस घटनासे वीरमदेके वीरचरित्र पर कलङ्क ही नहीं लगता वरन यह घटना जालोर-पतन और सोनीगरोंके विनाशका मूल कारण भी बनती है। पंजू पायक रुष्ट होकर तत्कालीन दिल्ली सुलतान अलाउद्दीनके पास पहुंच जाता है और अपनी विद्याका प्रदर्शन करता है। वहीं अलाउद्दीन पजूसे प्रसन्न होकर पूछता है कि तेरे बराबर खेलने वाला कोई दूसरा भी है?

पजू उत्तर देता है कि जालोरके राव कान्हड़देका पुत्र वीरमदे मुझसे सीखा हुआ है किन्तु मुझसे भी बढ़कर है। यह सुनने पर अलाउद्दीन वीरमदे को दिल्ली आमन्त्रित करता है। वीरमदेसे खेलते हुए पजू पायक मारा जाता है। वीरमदेकी रण चातुरी प्रसिद्ध होती है। इसी अवसर पर अलाउद्दीनकी पत्री जिसका नाम नहीं दिया गया है वीरमदेसे अपना पूर्व भवका वर्षाहिक सम्बन्ध बतलाती हुई वीरमदेसे विवाहकी इच्छा प्रकट करती

है। इसी प्रसङ्गमें काशीके साहूकार पुत्रकी एक अन्तर्कथा भी दी गई है। विवश होकर अलाउद्दीनको भी उक्त विवाहके लिए अपनी सहमति देनी पड़ती है।

तदुपरान्त कान्हडदे और वीरमदे विवाह-खर्चके नामपर प्रचुर धन ले कर जालोर आते हैं और दुर्ग-निर्माणके साथ ही युद्धकी तैयारी करते हैं। थोड़े समय पश्चात् नगा मुगलको मारकर शाही नजरबन्दीसे अपने देववंशी घोड़े भौंथडे पर सवार हो जालोर भागता है। इसी बीच भौंथडेके मरनेकी और भैंसेकी अन्तर्कथाए दी गई हैं। बलखके बादशाहने दिल्ली एक मोटा भैंसा भेजा, जिसके सींग बढ कर पीठ तक आये हुए थे। वार्त्ताकी सूचनाओंके अनुसार दिल्लीका कोई भी अमीर उस भैंसेको झटकेसे नहीं मार सका। लौटते समय जालोरके निकट वीरमदेने अपने पराक्रमसे भैंसेको सींग सहित काट दिया।

तदुपरान्त अलाउद्दीनकी चढ़ाईका और जालोरमें युद्धकी तैयारीका वर्णन है। बारह वर्ष जालोरका घेरा रहा किन्तु दुर्ग अजेय रहा। दुर्ग वालोंने एक युक्ति की। वीरमदेकी कुतिया ब्याई थी, उसके दूधसे खीर बनवाई और पत्तोंके लगा कर नीचे शत्रुओंकी ओर गिराई। सुलतानने देख कर सोचा – अभी तक तो दुर्ग वाले खीर खाते हैं। यह दुर्ग नहीं जीता जा सकता। इस प्रकार अलाउद्दीन घेरा छोड कर पुनः दिल्लीकी ओर चल पड़ता है।

आगे कथा पुनः एक नवीन मोड ग्रहण करती है। वीरमदे और इसके बहनोई दहिया-राजपूतके प्रीतिभोजमें कहा-सुनी हो जाती है। भूल वीरमदेकी होती है, क्योंकि वह एक अपराधमें मार कर लटकाये हुए दो दहियोंकी ओर सङ्केत कर अपने बहनोई दहियासे व्यंग करता है। दहिया राजपूत जाकर अलाउद्दीनसे मिलता है और वह पुनः लौटकर दुर्ग घेर लेता है।

तदुपरान्त वाघा वानर आदि राजपूतोंके वीरतापूर्वक युद्ध और दुर्गके विजित होनेका वर्णन है। वीरमदे युद्धके अन्तमें पकडा जाता है किन्तु उसने अपना पेट काट लिया था, अतः मृत्युको प्राप्त करता है। शाहजादी हिन्दूरीतिसे वीरमदेके मस्तकको गोदमें ले कर सती होती है और इसके साथ ही कथा पूर्ण की जाती है।

उक्त जालोर-युद्धके विषयमें प्राप्त प्राचीनतम राजस्थानी-प्रबन्ध कवि पद्मनाभ-विरचित 'कान्हडदेप्रबन्ध' है। इस काव्यमें जालोर-युद्धका मुख्य कारण अलाउद्दीनकी सेना द्वारा गुजरात पर आक्रमण करना और सोमनाथ मन्दिरको तोडकर मूर्तिको दिल्ली लेजाना बताया गया है। इस सम्बन्धमें कान्हडदेकी प्रतिज्ञा इस प्रकार है—

करी प्रतग्या राउल कान्हडि - तउ जिमीसइ धान।
मारी मलेछ देव सोमईउ अनइ छोडाविस वान॥ १८२[1]

'मुहता नैणसी द्वारा भी उक्त मतकी पुष्टि होती है—

'पातसाहरो डेरो सकराणै जालोररै गाव जालोरसूं कोस ६ हुवो। आ खबर कानडदेनूं हुई जु महादेव सोमइयानूं बाधनै पातसाह सकराणै आय उतरियो; तरै पातसाह

१ कान्हडदे प्रबन्ध, पृष्ठ ३८।

कन्ह काथड़ आलेचो रजपूत ४ बीजा भेळा मेलिया । थे पातसाहजीनूं कहन आवो – जु अतरा हिंदुस्थान मार चक्कर महादेव सोमइयो बाधन म्हार गढ निजीक म्हार गाव उतरिया सु भली न की । मोनूं रजपूत न जाणियो ।'[1]

काधळ भी सोमनाथकी मूर्ति बंधी हुई देखकर प्रतिज्ञा करता है—

पाणी तो विगर पिय सर नहीं नै धान राज छूटा खासां ।'[2]

अलाउद्दीनकी सेनासे हुए कान्हडदेके प्रथम युद्धमें कान्हडदेकी विजय हुई । इस विषयमें नैणसी लिखता है—

पातसाहनूं जीतनै कानडदेजी सोमइया कने आया । महादेवजीरी पींडी हाथ घातनै उपाडिया सु तुरत उपडिया सु महादेवजीरो लिंग सकराण थापियो । ऊपर देहुरो करायो । कानडदेजी हिंदुस्थानरी बडी मरजाद राखी ।'[3]

उक्त विवरणसे ज्ञात होता है कि युद्धके कारणमें वार्ता-लेखकका मत कवि पद्मनाभ और नैणसीसे नहीं मिलता । सुलतान अलाउद्दीनके हरममें कमलदेवी जैसी कुछ हिन्दू बेगमें भी थीं, उनमेंसे किसीकी शाहजादीका वीरमदे जैसे वीरसे विवाह करनेकी इच्छा प्रकट करना अस्वाभाविक नहीं है ।

'फुतुहुस्सलातीन' नामक प्रसिद्ध खिलजीकालीन इतिहासग्रंथके लेखक 'एसामी' ने देवगिरीके राजा रामदेवकी पुत्री छिताईका अलाउद्दीनकी बेगमके रूपमें उल्लेख किया है ।[4] इसी छिताईके विषयमें नारायणदास और रतनरंगने 'छिताई वार्ता' लिखी है ।[5] छिताईका उल्लेख कवि केशवदास (१६१२–१६७४ वि० सं०) ने करते हुए लिखा है—

ताहि छिताईको स नाई ।'[6]

मलिक मुहम्मद जायसीने भी अपने पदमावतमहाकाव्यके बादशाहचढाई खण्डमें छिताईका उल्लेख किया है—

बालु न राजा आपु अनाई । लीन्ह उदगिरि ली ह छिताई ।'[7]

---

१ मुंहता नैणसीरी ख्यात भाग १ राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान जोधपुर पृष्ठ २१६-१७ ।

२ वही पृष्ठ २१८ ।

३ वही पृष्ठ २१६ ।

४ खिलजीकालीन भारत, सय्यद रिजवी पृष्ठ २०८ । चौहानकुलकल्पद्रुममें अलाउद्दीनकी पुत्रीका नाम 'सीताई' दिया गया है, जिसने वीरमदेसे विवाह करनेकी इच्छा प्रकट की ।

५ छिताई वार्ता राजा चन्द्रदेवदास बिड़ला ग्रंथमाला नागरी प्रचारिणी सभा काशी ।

६ वीरसिंहदेवचरित ह० ग्रं० ३८,१ आर्यभाषा पुस्तकालय नागरी प्रचारिणी सभा काशी ।

७ पद्मावत सं० डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल साहित्यसदन चिरगाँव झाँसी, पृष्ठ ४१२ ।

इसीप्रकार मुस्लिमकवि जानने "कथा छीताकी" लिखी जिसमें उक्त विषयका विवेचन है[1]। चन्द्रशेखरकृत हम्मीरहठमे अलाउद्दीनकी एक हिन्दू बेगम मरहट्टीका उल्लेख है—

"बेगम महति मरहट्टी माहताब जैसी"
जागती जुन्हाई जाके जोबन तरगनें। (छन्द स २६)

कवि जोधराजने हमीररासोमे अलाउद्दीनकी "चिमना" बेगमका उल्लेख कया है—

"चिमना बेगम एक ओर चितामनि गाहो"[2]

अमीरखुसरोने भी गुजरातके राजा कर्णकी पुत्री देवलदेवी और अलाउद्दीनके शाहजादे खिज्रखा सम्बन्धी एक प्रेमाख्यानकी रचना की थी।[3]

आगे चल कर हिन्दू लेखकोंका यथार्थ अथवा कल्पनाके आश्रयमे अलाउद्दीनकी हिन्दू बेगमोकी पुत्रियोका सबध हिन्दू राजकुमारोंसे जोडना स्वाभाविक ही हुआ। अलाउद्दीन जैसे शासकोकी क्रूरता और नृशसताके वातावरणमें अनेक जैन और मलिक मुहम्मद जायसी[4] जैसे सूफी मतोने भारतीय प्रेमाख्यानोके आधार पर प्रेम और सौहार्दकी धारा प्रवाहित की, जिससे अन्य लेखक विशेष प्रभावित हुए और इन्होने स्वमतानुसार एतद्विषयक आख्यानो और काव्योकी रचनाए की। "वीरमदे सोनीगरारी वात" इसी प्रकारकी एक प्रमुख रचना है। इसका पूर्वार्द्ध कल्पना और यथार्थका मिश्रण है, जिसमें अनेक भारतीय कथानक रूढियोका समन्वय हुआ है किन्तु इसका उत्तरार्द्ध ऐतिहासिक भित्ति पर आधारित है, जिसका समर्थन अनेक ऐतिहासिक ग्रन्थोसे होता है। उदाहरणार्थ बाकीदासरी ख्यात और नैणसीरी ख्यातको लिया जा सकता है। बाकीदासरी ख्यातका उल्लेख इस प्रकार है—

---

१. हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रयागके सग्रहमे सुरक्षित।

२. हमीर रासो, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी। नीलकण्ठ विरचित।
'चिमनीचरित्रम्' नामक एक सस्कृत प्रमाख्यान भी प्राप्त हुआ है, जिसका सम्बन्ध म्लेच्छाधीश अलावर्दी खानकी बेगम मानिकी और प० दयादेव शर्माके प्रेम-प्रसङ्गसे है। राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान ग्रन्थ-सग्रह, ग्रन्थाङ्क १२२६४।

३. फार्बसने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ रासमालामे लिखा है कि देवगढके (देवगिरिके) राजा शकरदेवसे कर्ण वाघेलाकी पुत्री देवलदेवीका विवाह निश्चित हो गया था किन्तु वह अलाउद्दीनके सेनापति अलफखा द्वारा हरली गई और बादमे इसका विवाह खिज्रखासे कर दिया गया। भाग प्रथम, उत्तरार्द्ध, सम्पादक श्रीयुत् गोपाल नारायणजी बहुरा, मगल प्रकाशन, जयपुर, पृष्ठ ३६३-३६६।

४ 'हिस्ट्री आफ दी खिलजीज' के लेखक डॉ० किशोरीशरण और श्री रामचन्द्र शुक्ल आदिने चित्तोडकी पद्मिनी सम्बन्धी कथाकी कल्पनाका श्रेय जायसीको दिया है जो सत्य नही जान पडता। वास्तवमे चित्तोडके वीरो और वीराङ्गनाओके सघर्षकी कथा जनतामे प्रचलित हो गई थी जिसका आधार जैन, सूफी और अन्य अनेक लेखकोंने लिया। इसकी पूरी जानकारी श्री शुक्ल आदिको नही रही।

"१७७८ – चहुवाण काहड़दे सावतसिघरो बेटो जिण सवत १३६८ वसाख सुद ५ बुदवार आठोगढ़ साको कियो ।

१७८० – साचोर १, थिराद २, काकरणधर ३, वाराही ४, कच्छ ५ गेहड़ो ६, ऊमर कोट ७ धीरमपुर ८ जसलमेर ९ वधनोर १०, पारकर ११, पूगळ १२ मारोठ १३ साळकोट १४, जांगळू १५ जाजासहर १६, तारण १७, हातेर १८, थावरो १९, सोजत २०, डोडियाळ २१, रोणक २२, माढ़ैन २३, निसोंगडो २४, आबू २५, भीलडी २६, सिवाणो २७, तारगो २८, राडद्रह २९, सूधो ३०, मेहवो ३१, भाद्राजण ३२, मडोवर ३३ सूराचद ३४ इत्यादिक ठिकाणांसु काहड़दे भड तेडाया ।

१७८१ – सोनगरा काहड़देसू जाळोररा महाजना अरज कीयी । रामो साकडियो बोलियो – मूग चोपा जव काठा गेहू साठ बरस ताई हू पूरीस । जतसी दोसी कहे – कपडा साठ बरस हू पूरीस । भोळ साह कहयो – असी बरस तेल हू पूरीस । सोलहण साह बोलियो – तीस बरस इधण हू पूरीस । भीम साह कहयो– म्हार हता गुड़ है, अठार बरस ताई छाक्सी गुडरा हीज गोळा बनायो । सादू साह कहे – म्हार दहीरा पहल भरिया है ।

१७८२ – जाळोररो गढ़ वहिय बीक भेळायो अलाउद्दीनरा नायवासू मिळन ।

१७८३ – सोनगरा काहड़दरा भड– भाई मानदे १, बेटो वीरमदे २, जत वाघेलो ३, जल दवडो ४, लूणकरण माल्हण ५ सोभित देवडो ६ अर्जसी ७, सहजपाळ ८ इत्यादिक ।"[1]

मुहता नणसीरी ख्यातसे भी वार्ताके उत्तरार्द्धका पूर्णरूपण समर्थन होता है । साथ ही जालोर टूटनेकी तिथि 'स० १३६८ वसाख सुदि ५ बुधवार' दी गई है । युद्धमें मारे जाने वाले प्रमुख योद्धाओंके नाम भी 'सोनगरा जाळोररा धणियारी ख्यातवार्ता' के आधार पर दिये गये हैं ।[2]

इस वार्तामें अलाउद्दीनको बहुत उदार और हिन्दुओंके प्रति सहानुभूति रखने वाला लिखा गया है । वास्तवमें वार्ताका लेखक मुगल सम्राट अकबर अथवा जहांगीरके उदार रुखसे प्रभावित है । इसीलिये अलाउद्दीनके लिये 'पातसाहिजी' जसा सम्बोधन है और उसके 'सिरोपाव' देनेका तथा काहड़दे द्वारा उसके सम्मुख 'पातिसाह रौन ग्नीरा छो । हू पाघरियो घररो धणी रजपूत छू' आदिका उल्लेख है । प्रस्तुत वार्तासे स्पष्ट होता है कि मुगलकालके आरंभमें हमारे अनेक लेखक अलाउद्दीनके अत्याचारोंको भूल चुके थे और हिन्दुओं एव मुसलमानोंके बीच पारस्परिक सौहार्द सम्बन्धोंको दृढ़तर करनेमें संलग्न थे ।

---

१ नागरीप्रचारिणी सभा सपादक श्रीयुत नरोत्तमदासजी स्वामी, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान जोधपुर पृष्ठ १५ ।

२ मुहता नणसीरी ख्यात भाग १ सपादक श्रीयुत बद्रीप्रसादजी साकरिया राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान जोधपुर पृष्ठ २१९ से २२६ ।

हमारे लेखकोका यह प्रयत्न किसी सीमा तक सफल भी हुआ था और तब हमारे देशमे हिन्दू – मुस्लिम सघर्षका अन्त हो गया था ।

अन्तमे हम पुस्तकमें प्रकाशित वार्ताओकी प्रमुख विशेषताओकी ओर पाठकोका ध्यान आकर्षित करना चाहते है—

१ कथाओका प्रारभ परम आकर्षक रूपमें हुआ है। "देवजी बगडावतारी" और "वीरमदे सोनीगरारी' वार्ताओके प्रारभमे क्रमश. दृष्टि-दोषसे तदगिदिनीके गर्भ रहने और पाषाण पुत्तलिकाके सजीव अप्सरा रूप होनेके प्रसङ्ग है तो "प्रतापसिंघ म्होकमसिंघरी" वातमें वर्णनात्मक राजस्थानी दूहे और अन्य सरस प्रयोग है ।

२ इन कथाओमे लौकिक और अलौकिक घटनाओका प्रसङ्गानुसार सफल सामञ्जस्य हुआ है। "देवजी बगडावतारी" और "वीरमदे सोनीगरारी" वातमे अलौकिक घटनाओका बाहुल्य है जिसका प्रधान कारण सम्बद्ध कथा-वस्तुओकी प्राचीनता है। परम्परित कथानक – रूढियोका सफल प्रयोग एव सामञ्जस्य भारतीय कथाओकी प्रधान विशेषता रही है। तदनुसार सम्बद्ध कथा-लेखकोके लिये "असंभव" जैसी कोई घटना नही है प्रसङ्गानुसार ऐसी घटनाओका औचित्य सिद्ध कर पाठको अथवा श्रोताओका विश्वास प्राप्त करना कठिन होता है। उक्त दोनो ही कथाओके अज्ञात लेखकोको इस कार्यमे पूर्ण सफलता मिली है।

३ तत्कालीन ऐतिहासिक, सामाजिक एव धार्मिक परिस्थितियोका नग्न, सरल एव स्वाभाविक यथातथ्य चित्रण भी इन वार्ताओमे मिलता है और सम्बद्ध विषयोके अध्ययनमें इनसे पूर्ण सहायता प्राप्त होती है ।

४ तीनो ही वार्ताए मूलत. राजस्थानके भिन्न-भिन्न भागोमे लिखी गई है। जैसे– "देवजी बगडावतारी वात" पर बीकानेर क्षेत्रका, "प्रतापसिंघ म्होकमसिंघरी" वात पर जयपुर-किशनगढ़ क्षेत्रका और "वीरमदे सोनीगरारी वात' पर जैसलमेरका प्रभाव लक्षित होता है किन्तु इससे इन वार्ताओके राजस्थानी भाषा-सौन्दर्यमे कोई अभाव नहीं परिलक्षित होता और न अनेकताके ही दर्शन होते हैं।

५ वास्तवमे तीनो ही वार्ताओकी भाषा पूर्ण साहित्यिक राजस्थानी है और कुशल लेखको द्वारा लिखित है। 'प्रतापसिंघ म्होकमसिंघरी वात' तो राजस्थानी भाषाकी एक परम उत्कृष्ट कृति है। इस वार्ताकी ग और घ प्रतियोके अनुसार इसमे सर्वत्र दवावैतका प्रयोग हुआ है। रघुनाथ रूपक[1] और रघुवरजसप्रकास[2] जैसे ग्रन्थोमे गद्यबध और पद्यबध नामक दो प्रकारके दवावैतोका विवरण मिलता है। हमारी रायमें राजस्थानी भाषामें दवावैतका प्रयोग फारसी 'दुवेती' के प्रभावसे हुआ है। गद्यमें तुक मिलानेकी प्रवृत्ति इस्लामी साहित्यके प्रभावको भी सूचित करती है।[1] वार्तामें अथसे इति तक दवावैतका स्वाभाविक निर्वाह कुशल कलाकारका ही कार्य होता है।

६ प्रस्तुत कथाओमें विशुद्ध भारतीय कथा-शैलीके दर्शन होते है। कालान्तरमें भारतीय कथा साहित्यका विकास राजस्थानी भाषामें लिखित ऐसी सहस्रो विभिन्न विषयक

१ विशेष देखिये – दवावैत सज्ञक हिन्दी रचनाओकी परपरा, श्रीयुत् अगरचन्दजी नाहटा, भारतीय साहित्य, विश्वविद्यालय, आगरा, अप्रेल १९५६, पृष्ठ २१७। तारीख फिरोजशाहीमे भी उल्लेख है कि दिल्ली सुलतान जलालुद्दीन खिलजी "दुवेती" लिखता था। खिलजीकालीन भारत, पृष्ठ १५।

कथाओंमें ही परिलक्षित होता है। भारतीय कथा लेखकोंको पश्चिमी कथा शैलीके अन्धानुकरणको छोड़ कर ऐसी ही भारतीय कथाओंसे मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए जिससे वे भारतीय मौलिकताकी रक्षा करते हुए अपनी रचनाओंको अनपेक्षित विदेशी प्रहारसे रक्षा कर सकें।

७ पश्चिमी शैलीमें लिखित कथाएं ८-१० वर्षोंमें ही समयके विपरीत 'असामयिक' हो जाती हैं किन्तु ऐसी राजस्थानी कथाओंका सौन्दर्य एवं आकर्षण सदियोंसे ही वर्षोंसे बना हुआ है। आधुनिक युगकी सर्वकालिक तत्कालीन परिस्थिति एवं चकाचौंधमें भी प्रस्तुत कथाएं पाठकोंका मनोरञ्जन कर उन्हें उद्देश्यके अनुरूप प्रभावित करनेकी क्षमता रखती हैं। श्रेष्ठ कलाकृति सदा ही प्रभावशाली बनी रहती है।[1] ऐसी कथाओंकी श्रेष्ठताका इससे अधिक क्या प्रमाण हो सकता है ?

८ इन कथाओंसे पाठकोंका कोरा मनोरञ्जन ही नहीं होता वरन् जीवन क्षेत्रमें कर्तव्य परायणता, कष्टसहिष्णुता, आत्मत्याग एवं बलिदान, सत्यनिष्ठा, वीरता, वचननिर्वाह, विद्याप्रेम, नीतिमत्ता, कौशल, कलाप्रेम और न्यायप्रियता आदि सद्गुणोंकी सहज प्रेरणा भी प्राप्त होती है। आधुनिक पश्चिमी शैलीकी कथाओंमें प्रायः ऐसे तत्त्वोंका अभाव होता है।

९ राजस्थानी कथाओंमें प्रसङ्गानुसार पद्यांश देनेकी प्रवृत्ति भी परिलक्षित होती है। प्रस्तुत कथाओंमें भी यथाप्रसङ्ग एवं यथास्थान पद्यांश लिये गए हैं और इनसे कथा प्रवाहमें अपेक्षित प्रभाव उत्पन्न करनेमें लेखकोंको सहायता मिली है।

१० इन कथाओंमें पात्रोंका चरित्र चित्रण और घटना संगठन पूर्ण मनोवैज्ञानिक रीतिसे हुआ है। घटना विकास अथवा चरित्र-विकासके पूर्व कारण स्पष्ट हो जाते हैं जिनसे पाठकोंको किसी प्रकारकी अस्वाभाविकताका बोध नहीं होता।

११ रूप-वर्णन और दृश्य चित्रणमें लेखकोंको विशेष सफलता मिली है। ऐसे प्रसङ्गोंके अवसर पर लेखकोंने चित्रकार जैसी सूक्ष्म अभिव्यक्तिका अवलम्बन लिया है। वस्तु-नाम परिगणनासे कहीं-कहीं ऐसे शब्द चित्र बोझिल अवश्य बन गये हैं किन्तु परम्परानुसार ऐसे प्रयोग पाठकोंको अरुचिकर नहीं प्रतीत होते।

१२ कथा अथवा कहानीकी प्रमुख विशेषता यह है कि उसको सुन कर भी आनन्द प्राप्त किया जा सके। कहानीसे तात्पर्य यही है कि वह कही जा सके। प्रस्तुत राजस्थानी कथाएं इस कसौटी पर भी खरी उतरती हैं क्योंकि इनको मौखिक परम्परासे ही हमारे लेखकोंने प्राप्त किया है। ऐसी हजारों कथाएं हमारे विद्याप्रेमी पूर्वजोंके प्रशंसनीय प्रयत्नोंसे लिपिबद्ध हुई थीं और हजारों कथाएं अब तक मौखिक परंपरासे प्रचलित हैं।

राजस्थानी कथा साहित्यमें भारतीय ज्ञान विज्ञानका अखण्ड कोष आज भी सुरक्षित है और यह इस वैज्ञानिक युगमें प्रकाशनकी प्रतीक्षा करता हुआ धीरे धीरे कराल कालके गालमें समाता जा रहा है इसलिए सम्बद्ध समस्त व्यक्तियोंको तुरन्त ही तत्परतासे प्रयत्नशील हो जाना चाहिए।

---

१ क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः। —कालिदास अभिज्ञान शाकुन्तल।

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान द्वारा राजस्थान पुरातन ग्रन्थमालाके अन्तर्गत राजस्थान सरकार और केन्द्रीय शासनकी संयुक्त सहायतासे चालू आर्थिक वर्षमें ही प्रस्तुत पुस्तकका प्रकाशन किया जा रहा है। पाठान्तर्गत शब्दार्थ, टिप्पणियाँ और परिशिष्टमें आवश्यक ज्ञातव्य पाठकोंकी सुविधाके लिए प्रस्तुत किये गये हैं।

प्रतिष्ठानके सम्मान्य सञ्चालक परम श्रद्धेय पुरातत्त्वाचार्य मुनि श्री जिनविजयजीने राजस्थानी साहित्य संग्रह, भाग २ के अन्तर्गत प्रस्तुत पुस्तकको प्रकाशित करनेकी अनुमति प्रदान कर मुझे प्रोत्साहित किया है जिसके लिए मैं अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। साथ ही प्रतिष्ठानके उपसञ्चालक श्री गोपालनारायणजी बहुरा, एम. ए. ने इस कार्यमें मेरा मार्ग-प्रदर्शन किया है तदर्थ मैं उनका विशेष आभारी हूँ। पुस्तक-सम्बन्धी सामग्री प्रदान कर सम्पादनमें सहयोग देने वाले सज्जनोंके प्रति भी मैं हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान,
जोधपुर, दशहरा पर्व, सं० २०१७ वि०

पुरुषोत्तमलाल मेनारिया,
एम. ए., साहित्यरत्न

वात देवजी बगडावतांरी

अथ वात[1] देवजी[2] बगडावतांरी[3]

सहर अजमेर वडो गढ। तेथ राजा वीसलदे चहुवाण[4] राज्य करे। वीसलदेरे वास[5] हरराम चहुवाण रहै। सु वडो सिकारी, शबदवेधी[6]। सु सिकार नित्य खेलै।

तिण नगर माहे कोको साह रहै। तिणरै बेटी नाम लीला। सु बालरंड[7]। तिका तपस्या करै पोहकररा पाहुडा माहे[8]। सु इसडी[9] तपस्या करै। मास मास अन्न न खावै। निरवस्त्र रहै। धूप सीत वरषा माथै[10] सहे।

एक दिन पाछिलो राति लीला पोहकरजीमे स्नान करि नीसरी।

---

१ वात – स वार्ता कथा राजस्थानी गद्य साहित्यका एक प्रकार। राजस्थानी साहित्यमें हजारों हा वार्ताए लिपिबद्ध और मौलिक रूपमे प्राप्त होती हैं।

२ देवजी – देवनारायण, राजस्थानके एक लोक-देवता जिनकी उपासना मुख्यत राजस्थान मध्यभारत और गुजरातके गूजर जातिके स्त्री-पुरुष करते हैं। देवजी बगडावतोंमें प्रमुख भोजाकी गूजर स्त्री सढूके पुत्र थे। देवजीका विवाह परमार क्षत्रिय कन्यासे हुआ था।

३ बगडावतांरी – बगडावतोंकी अजमेरके हरराम चोहानका एक पुत्र बाघा हुआ। बाघाके २४ पुत्र स बाघापुत्र >बाघापुत्त> बाघाउत> बाघावत> बगडावत नामसे प्रसिद्ध हुए। बाघका पुत्रसे अथवा बाघ रावत' से बगडावत कहे गये। बगडावत बन्धुओंके वीर चरित्रसे सम्बन्धित एक महाकाव्य राजस्थानमें आज भी गाया जाता है।

४ वीसलदे चहवाण – अजमेरका प्रसिद्ध चोहान शासक विग्रहराज जो वीसलदे रासका नायक भी है।

५ वास – स निवास यहां सरक्षणमे रहनेसे तात्पर्य है।

६ शबदवेधी – शब्द ध्वनि सम्बन्धी स्थान पर अचूक निशाना लगाने वाला।

७ बालरंड – बालविधवा।

८ पोहकररा पाहडां माहे – पुष्करके पहाडोंमें।

९ इसडो – एसी।

१० माथ – मस्तक पर।

आगै हररांम सीह मारि माथौ वाढि[1] ले सांम्हौ विपरीत रूप आयो। ईयैरी[2] नजर पडीयो। ईयैरै पेट गरभ रह्यौ। परमेश्वरजीरी आग्या हुई ताहरा[3] पेट वधीयौ[4]। ताहरा लोका मांहे वात हुई। कथ-कथ हुई[5]।

यूं करता राजा वीसलदेनुं खवरि हुई। ताहरां कहै—राजा आ वात किसी जु लीलानु गरभ छै। जिका इसडी तपसिण तिकेनु गरभसु कासूं जांणीजै।

ताहरां राजा लीलानुं वोलाई[6]। वोलाइ नै वात पूछो। थारी तपस्यामे भंग क्यु हुवौ। मोनु[7] साच कहि। ताहरा लीला कहै। महाराज जो होणी हुती सो हुई पिण मोनुं दोप नही लागै छै। श्री परमेसरजी रची सु क्यु मिटै।

ताहरां राजा कहै छै। कहौ। ताहरा लीलां कहै। हुं पाछिली राति उठि नै श्री पोहकरजी स्नांन करी नै तीर्थ महा नीसरी। तिण समईयैं[8] एक पुरुप विपरीत रूप हुयौ सीहरो माथो लीयैं मोनु मिलीयौ। तीयेरे दरसणसु[9] मोनुं गरभ रह्यौ।

राजा विचारी जु कासू रूप औ। लोक हजूर[10] कहण लागा। माहाराजा परमेस्वरजीरां लीला कौण जांणे। कीयैं[11] ठाकुरांरी गति पाई छै। ताहरां राजा कहै। खवर करो जु कुंण मरद हुतौ। ताहरा सिगळांनु[12] खवर हुती जु सीह एक हररांम चहवांण मारीयौ

---

१. वाढि – काट कर।

२ ईयैरी – इसकी।

३ ताहरां – तव, तदुपरान्त।

४. वधीयौ – वर्द्धित हुआ, वढा।

५. कथ-कथ हुई – वार-वार चर्चा होने लगी।

६ वोलाई – वुलाई।

७. मोनु – मुझे।

८ तिण समईयैं – उस समय।

९ तीयेरे दरसणसु – उसके दर्शनसे।

१० लोक हजूर – दरबारी लोग।

११. कीयैं – किसने।

१२. सिगळांनु – सबको।

हुतौ । मास ५-६ हूवा । आ वात सरव[1] लोक जाणै छै ।

ताहरा राजा कह्यौ जु हरराम चहवाणनु बुलावौ । ताहरा हरराम‌नु बुलाय ल्याया । हरराम आय राजारो मुजरो कीयो[2] । ताहरा राजा हररामनु पूछीयो जु हरराम तैं सीहरो सिकार कीया कितरा मास हूवा । कह्यौ माहाराजा मास ५।६ हुवा । कह्यौ माहाराजा हु सिकार रोज करू छु । दिन ऊगतैं मु सिकार करि अपूठो आऊ छु[3] । ताहरा राजा कहै । सीह मारीयौ तीयैं दिन तैं कयु दीठो । ताहरा हरराम कहै । माहाराजा लीला तपस्विण स्नान करि तीथ महा नीसरतो दीठी । सीहरो मार्यो लीयैं हु दीठो ।

ताहरा राजा विचारीया जु हररामसु लीलानु गरभ रह्यौ । ताहरा राजा हररामनु कहै । हरराम तु आ घरे वास[4] । घरे ले जाह ज्यु थारो दुहुवारी पण रहै[5] ।

ताहरा हरराम कहै । माहाराजा मोमें[6] दोष कोई छै नही । श्री परमेश्वरजी जाणै छै । हु किसै वासते ईयैंनु ले जाऊ । ताहरा राजा कहै म्हाहरो कह्यो मानि ईयैंनु घरे ले जाह । ताहरा हरराम घरे ले गयो । हिव[7] लीला ग्रूणै[8] बैठी रह ।

पूरा दिन हूया ज्यु बेटो जायो । ज्यु छोर[9] दीठो मुहडो[10] सीहरो पिंड[11] मनुष्यरो । ताहरा दाया नाठधा[12] । कह्यौ औ कौण सरूप । ताहरा सिगळा सुणायो । कह्यौ जी कपडै लपेटि नाखि द्यो[13] । ताहरा लपेटि नैं

१ सरव – सब सभी ।
२ मुजरो कीयो – अभिवादन किया ।
